Oversight Board

# ओवरसाइट बोर्ड 2023 वार्षिक रिपोर्ट



दुनिया भर के लोगों और समुदायों से,
Meta के व्यवहार के तरीके को बेहतर बनाना

# सह-अध्यक्ष का प्राक्कथन

## 2023, बोर्ड के लिए प्रभाव और इनोवेशन का वर्ष



2023 बोर्ड के लिए प्रभाव और नवाचार का वर्ष था। हमारे सुझावों ने Meta के प्लेटफ़ॉर्म पर लोगों के अनुभव को बेहतर बनाने का प्रयास बरकरार रखा और नए प्रारूपों में अधिक फ़ैसलों को प्रकाशित कर हमने कंटेंट मॉडरेशन के कठिन सवालों का पहले से कहीं अधिक संख्या में समाधान किया। ईरान में विरोध प्रदर्शन के नारों से लेकर लिंग आधारित हिंसा की आलोचना तक, हमारे फ़ैसले Facebook और Instagram पर महत्वपूर्ण आवाज़ों की रक्षा करते रहे। हमने अपने लगभग चार वर्षों में, Meta को, उसके प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग करने वाले लोगों के साथ अधिक पारदर्शी होने के लिए प्रेरित किया है। 2023 में हमने यूज़र पर हमारे प्रभाव के और साक्ष्य देखे। हमारे एक सुझाव की प्रतिक्रिया में Meta ने अकाउंट स्टेटस की शुरुआत की जो लोगों को उनके वर्तमान और बीते समय के दंडों के बारे में अधिक जानकारी देता है। हमने यह भी देखा कि अत्याचारों के संभावनापूर्ण साक्ष्य को अपने पास बनाए रखने के लिए Meta एक नए एकरूप दृष्टिकोण को अंतिम रूप देकर महत्वपूर्ण कंटेंट को संरक्षित करने हेतु कदम उठा रहा है।

अधिक केसेज़ को जल्द से जल्द प्रकाशित करने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुसार, हमने अपने पहले सारांश फ़ैसले जारी किए, जिनमें उन केसेज़ की जांच की गई, जिनमें Meta ने संभावित रिव्यू के लिए शॉर्टलिस्ट किए जाने के बाद कंटेंट के किसी एक अंश पर अपने मूल फ़ैसले को बदल दिया। हमने इज़राइल-हमास संघर्ष के बारे में अपना पहला त्वरित फ़ैसला भी जारी किया। हमने इसके अलावा युद्धबंदियों, विश्व स्तर के नेताओं की अभिव्यक्ति और ट्रांसजेंडर को लेकर भेदभाव के विषय सहित महत्वपूर्ण मुद्दों से संबंधित मानक फ़ैसले प्रकाशित किए। कुल मिलाकर 2023 में हमने 50 फ़ैसले जारी किए जो कि पूर्व के किसी भी वर्ष से अधिक हैं और हमने करीब 90% केसेज़ में Meta के मूल फ़ैसलों को बदल दिया।

2024 की ओर देखते हुए, हमारा पूर्वानुमान है कि यह बोर्ड के लिए एक व्यस्त और असरदार वर्ष होगा। जैसा कि 2024 में दुनिया की लगभग आधी आबादी अपने मत का उपयोग करने वाली है, इसलिए बोर्ड ऐसे फ़ैसलों को जारी करना बरकरार रखेगा जो इस बात पर केंद्रित होंगे कि चुनावों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रति Meta का दृष्टिकोण अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और अन्य मानवाधिकारों पर किस तरह से विचार करता है। Threads को कवर करने के लिए हमने अपने दायरे को बढ़ाया है और यूज़र के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों, जैसे कि डिमोटेड कंटेंट की पड़ताल में हमारी दिलचस्पी है। हम सामने आ रहे नियामक परिदृश्य और बोर्ड के मॉडल के महत्व पर भी ध्यान दे रहे हैं - जो कि एक स्वतंत्र, वैश्विक स्तर का विचार-विमर्श करने वाला निकाय है और जो मानवाधिकारों के नज़रिए से केसेज़ का परीक्षण करता है और निवारण के उपाय और पारदर्शिता उपलब्ध करता है।

वैसे तो यह बोर्ड मात्र चार वर्ष पुराना है, लेकिन बोर्ड ने कंटेंट मॉडरेशन के कुछ सबसे कठिन प्रश्नों का समाधान किया है और Meta को यूज़र के साथ निष्पक्ष व्यवहार के लिए प्रेरित किया है। चुनौती बहुत बड़ी और अनिश्चितता बहुत भारी है, लेकिन हम जो काम कर रहे हैं वह सच में मायने रखता है। साथ मिलकर हम ऐसे उत्तर ढूंढने का प्रयास करेंगे, जो दुनिया भर के लोगों के लिए सोशल मीडिया को बेहतर बना सके।



**एवलिन असवाद, कैटालिना बोटेरो-मैरिनो, माइकल मैककोनेल, हेले थॉर्निंग-श्मिट**

ओवरसाइट बोर्ड के सह-अध्यक्ष

# ट्रस्ट के अध्यक्ष का प्राक्कथन

कंटेंट का पारदर्शी और जवाबदेह संचालन



2023 में, बोर्ड ने Facebook और Instagram. का उपयोग करने वाले लोगों के अनुभवों को बेहतर बनाने का कार्य जारी रखा। 2023 में, वरिष्ठ प्रौद्योगिकी कार्यकारी मैरी विएक भी ट्रस्टी के रूप में हमारे साथ शामिल हुईं और हमने एक नए बोर्ड मेंबर, केंजी योशिनो को नियुक्त करने में सहायता की।

2024 में, ट्रस्टी इस पर अपनी नजर बनाए रखेंगे कि बोर्ड कैसे काम करता है और अपनी स्वतंत्रता की रक्षा कैसे करता है और ये दोनों बात इसकी सफलता के लिए महत्वपूर्ण हैं। आज नए नियमन, नई आवश्यकताएं सामने ला रहे हैं, लेकिन ये अवसर भी दे रहे हैं। जो कंपनियां पारदर्शी और जवाबदेह कंटेंट संचालन को लेकर प्रतिबद्ध हैं और जिसकी देखरेख स्वतंत्र निकायों द्वारा की जाती है, जैसा कि Meta ने किया है, वे कंपनियां यूज़र के साथ भरोसा कायम करने में मदद करेंगी और नियामकों को संकेत देंगी कि जिम्मेदार कंटेंट मॉडरेशन के प्रति वे गंभीर हैं। हम अन्य कंपनियों के साथ भागीदारी की संभावनाओं की तलाश करते रहेंगे और यह भी देखेंगे कि बोर्ड का कार्य उभरते हुए नियमन का कैसे सर्वोत्तम रूप से पूरक हो सकता है।

इस वर्ष, बोर्ड ने अपना दायरा Threads तक बढ़ा लिया है - जो कि एक बड़ी उपलब्धि है - और चुनावों से लेकर यहूदी नरसंहार को झुठलाने (होलोकॉस्ट डिनायल) तक के विषयों पर महत्वपूर्ण फ़ैसले प्रकाशित किए हैं। नागरिक समाज समूहों, नियामकों, Meta के कर्मी और अन्य प्लेटफ़ॉर्म के साथ कार्य करते हुए मुझे कोई संदेह नहीं है कि 2024 में बोर्ड अधिकाधिक सफल और आत्मविश्वासी होता रहेगा।



**स्टीफेन नील,**

**ओवरसाइट बोर्ड ट्रस्ट के अध्यक्ष**

# कार्यकारी सारांश

Meta ने 2021 से हमारे 75 सुझावों को पूर्णतया या आंशिक रूप में लागू किया है। इनमें से 34 सुझावों को पिछले साल की वार्षिक रिपोर्ट के बाद लागू किया गया है।

### हमारे अब तक के सुझावों की प्रतिक्रिया में, Meta द्वारा:

- नए वर्गीकरण अपडेट किए गए और बनाए गए, जिसके कारण 30-दिन की दो अवधि में **स्तन कैंसर संबंधी कुल 3,500** पोस्ट को स्वचालित रूप से हटाए जाने से रोका गया
- **ईरान में चल रहे विरोध प्रदर्शनों** के संदर्भ में "मार्ग बार खामेनेई" (जिसका शाब्दिक अर्थ है "[ईरान के सर्वोच्च नेता] खामेनेई की मृत्यु") शब्द को साझा करने की अनुमति दी गई।
- **अत्याचारों के संभावनापूर्ण साक्ष्य** को संरक्षित करने के लिए एक नए, सुसंगत दृष्टिकोण को अंतिम रूप दिया जा रहा है
- **अकाउंट स्टेटस** की शुरुआत की गई, की जो लोगों को बताता है कि उनके अकाउंट पर क्या दंड लगाए गए और क्यों
- अपने '**कार्रवाई**' **सिस्टम** को पहले से कहीं अधिक निष्पक्ष और पारदर्शी बनाया गया
- लोगों को कंटेंट के **100 मिलियन से अधिक** अंशों के लिए चेतावनी दी गई, जिनमें उल्लंघन की संभावना बहुत अधिक थी - जिनमें से 20% से ज़्यादा बार यूज़र ने अपनी पोस्ट डिलीट कर दी[1]
- अपनी **कंटेंट लाइब्रेरी** आरंभ की गई – जो वैश्विक बहुमत वाले देशों के शोधकर्ताओं को डेटा तक अधिक पहुंच प्रदान करता है

1 यह डेटा 12 सप्ताह की अवधि को कवर करता है। यूज़र की गोपनीयता की रक्षा के लिए सभी जानकारियों को एकत्रित कर पहचान रहित किया जाता है। सभी मैट्रिक्स आकलन हैं, जो कि समय विशेष के लिए वर्तमान में उपलब्ध सर्वोत्तम जानकारी पर आधारित हैं।

## बोर्ड अपने दायरे को Threads तक विस्तारित किया है



# 2023 में, ओवरसाइट बोर्ड द्वारा...

इज़राइल-हमास संघर्ष पर **हमारा पहला त्वरित फ़ैसला** प्रकाशित किया गया, जो कि हमारे द्वारा केस की घोषणा के महज **12 दिन** बाद किया गया।


**हमारे पहले सारांश फ़ैसले** प्रकाशित किए गए जिन केसेज़ में बोर्ड में अपील किए जाने के बाद Meta ने अपने मूल फ़ैसला को बदल दिया था, साथ ही, Meta के लिए सुधार के क्षेत्रों को रेखांकित किया गया।

## 53 फ़ैसले जारी किए गए:


**22** मानक फ़ैसले

**29** सारांश फ़ैसले

**2** त्वरित फ़ैसले




इसमें **युद्ध बंदी, चरम आहार** और **ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के खिलाफ़ भेदभाव** जैसे नए मसलों को शामिल किया गया




**कोविड-19** को लेकर गलत जानकारी के संबंध में पॉलिसी से संबंधित सलाह जारी की गई

दुनिया भर के संगठनों और लोगों से **800 पब्लिक कमेंट** प्राप्त किए गए

देखा गया कि Meta ने **अपने दायित्वों को पूरा करे,** ताकि प्रकाशन के सात दिनों के भीतर हमारे फ़ैसलों को लागू किया जा सके और 60 दिनों के भीतर हमारे सुझावों पर प्रत्युत्तर दिया जा सके।

## दुनिया भर के लोगों और समुदायों से, Meta के व्यवहार के तरीके को बेहतर बनाना




## 2024 में, ओवरसाइट बोर्ड निम्न कार्य करेगा:

1. इस बात का पता लगाना कि हमारे सुझाव किस तरह अपस्ट्रीम प्रोडक्ट डिज़ाइन विकल्पों और ऑनलाइन कंटेंट के **स्वचालित उपचार** द्वारा उत्पन्न **प्रणालीगत जोख़िमों** की पहचान कर सकते हैं और उन जोख़िमों को कम कर सकते हैं।
2. **चुनाव, संघर्ष** और **जोड़ तोड़ मीडिया** जैसे विषयों पर अपनी बात रखना।
3. ऐसे मसलों पर ध्यान केंद्रित करना जो यूज़र के लिए महत्व रखते हैं, जैसे कि **डिमोट किया गया कंटेंट**।



# सुझाव और प्रभाव




**हमारे केस के फ़ैसले और पॉलिसी से संबंधित सलाह में, हम इस बात पर विशिष्ट सुझाव देते हैं कि कैसे Meta अरबों यूज़र्स के कंटेंट पर लागू होने वाली पॉलिसीज़ को सुधार सकता है।**

**हालांकि हमारे सुझाव गैर-बाध्यकारी हैं, मेटा को 60 दिनों के भीतर उन्हें सार्वजनिक रूप से जवाब देना चाहिए। 2023 में, Meta ने हमारे सुझावों को लागू करने की दिशा में प्रगति की और हमें पहली बार इम्पैक्ट मैट्रिक्स प्रदान किया।**



इस बात में सुधार के लिए कि Meta कैसे **चुनाव, विरोध प्रदर्शन और स्वास्थ्य से संबंधित कंटेंट** से निपटता है:

- यह घोषणा की गई कि **ईरान में हो रहे विरोध प्रदर्शनों के संदर्भ में "मार्ग बार खामेनेई" (जिसका शाब्दिक अर्थ है "ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई की मौत") शब्द को साझा करने की अनुमति दी जाएगी।** जनवरी 2023 में Meta द्वारा इस सुझाव को लागू करने के बाद, "मार्ग बार खामेनेई" का उपयोग करने वाले Instagram की पोस्ट में लगभग 30% की वृद्धि हुई (अधिक विवरण के लिए हमारी पहली तिमाही 2023 पारदर्शिता रिपोर्ट का पृष्ठ 23-25 देखें)।

- नए वर्गीकरण अपडेट किए गए और बनाए गए, जिससे 30-दिनों की दो अवधि में, **स्तन कैंसर से संबंधित कंटेंट के कुल 3,500 अंशों को स्वचालित रूप से हटाए जाने से रोका गया।**

- ऐसे मैट्रिक्स साझा करने की उम्मीद है जो कंपनी को **चुनाव जैसी "अपेक्षित महत्वपूर्ण घटनाओं" से पहले, चुनाव के दौरान और बाद में अपने प्रयासों की निगरानी करने में सक्षम बनाएगा।**



**अपने प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग करने वाले लोगों के साथ बेहतर व्यवहार के लिए,** Meta द्वारा:

- अकाउंट स्टेटस की शुरुआत की गई, यह एक इन-प्रोडक्ट अनुभव है जो **किसी व्यक्ति के अकाउंट पर वर्तमान और पिछले दंडों के बारे में जानकारी प्रदान करता है, जिसमें यह बात भी शामिल रहती है कि Meta ने ये दंड क्यों लागू किए।**

- **अपनी 'कार्रवाई' प्रणाली को बदला गया है, ताकि इसे अधिक निष्पक्ष और पारदर्शी बनाया जा सके,** हमारे द्वारा Meta की अपारदर्शी दंड प्रणाली के बारे में चिंता जताने और "Facebook जेल" में डाले जाने के बारे में यूज़र द्वारा चिंता जताने के बाद।

- लोगों को चेतावनी देना शुरू किया गया, अगर उनकी पोस्ट में उल्लंघन की अधिक संभावना है, **उन्हें Meta की पॉलिसीज़ को समझने और फिर अपने कंटेंट को हटाने और फिर से पोस्ट करने का अवसर दिया गया।** 12 सप्ताह की अवधि में, Meta ने 100 मिलियन से अधिक कंटेंट अंशों पर चेतावनी जारी की, जिनमें यूज़र्स ने 20% से अधिक बार अपनी पोस्ट को डिलीट करने का विकल्प अपनाया[2]।

- **सरकारी अनुरोधों पर नज़र रखने के लिए एक नया सिस्टम** बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, हमारे यह रिव्यू करने के आह्वान के बाद कि यह ऐसे अनुरोधों पर जानकारी कैसे एकत्रित करता है। राष्ट्रीय अधिकारियों को प्रश्नों के एक मानक सेट का उत्तर देना होगा, जिसके बारे में Meta का कहना है कि इससे पारदर्शिता में सुधार होगा और सार्वजनिक रिपोर्टिंग की क्षमता में वृद्धि होगी।



**वैश्विक बहुमत वाले देशों में अपने प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग करने वाले लोगों के अनुभव को** बेहतर बनाने के लिए, Meta द्वारा:

- अपने नियमों का नई भाषाओं में अनुवाद किया गया, जिनमें पश्तो और सोमाली शामिल हैं। चूंकि हमने मूल रूप से अप्रैल 2021 में सुझाव दिया था कि Meta अपने नियमों का अपने यूज़र द्वारा व्यापक रूप से बोली जाने वाली सभी भाषाओं में अनुवाद का कार्य करे, तो इसने **अपने कम्युनिटी स्टैंडर्ड का दुनिया भर में एक अरब से अधिक लोगों द्वारा बोली जाने वाली 20 से अधिक अतिरिक्त भाषाओं में अनुवाद किया है।**

- **अपनी कंटेंट लाइब्रेरी आरंभ की गई।** यह दुनिया भर के शोधकर्ताओं के लिए खुला ऐप्लिकेशन है और **यह वैश्विक बहुमत वाले देशों के शोधकर्ताओं को डेटा तक अधिक पहुंच प्रदान करेगा।**

2 कृपया ध्यान दें: यूज़र की गोपनीयता की रक्षा के लिए सभी जानकारियों को एकत्रित कर पहचान रहित किया जाता है। सभी मैट्रिक्स आकलन हैं, जो कि समय विशेष के लिए वर्तमान में उपलब्ध सर्वोत्तम जानकारी पर आधारित हैं।



**संकट और टकराव की स्थितियों में** अपनी प्रतिक्रिया को बेहतर बनाने के लिए, Meta द्वारा:

- संकट की स्थितियों में अपनी प्रतिक्रिया को नियंत्रित करने के लिए **एक क्राइसिस पॉलिसी प्रोटोकॉल** की व्यवस्था की गई। कंपनी ने इसका उपयोग इस बात का आकलन करने के लिए किया कि क्या जनवरी 2023 में पूर्व राष्ट्रपति ट्रम्प को Facebook और Instagram पर रिस्टोर किया जाए।

- उच्च जोख़िम वाली घटनाओं और चुनावों के प्रबंधन के लिए **एक नई संकट समन्वय टीम** स्थापित की गई। टीम में संकटकालीन नेतृत्वकर्ता हैं जो सभी क्षेत्रों में योजनाबद्ध और गैर-योजनाबद्ध दोनों प्रकार की महत्वपूर्ण घटनाओं को 24/7 कवरेज करते हैं।

- **अत्याचारों और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानून और मानवीय कानून के गंभीर उल्लंघनों के संभावित साक्ष्य को संरक्षित करने के लिए एक नए, सुसंगत दृष्टिकोण** को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

# योजना के अनुसार कार्यान्वयन

बोर्ड के पास इस बात का सबूत है कि Meta ने जनवरी 2021 से बोर्ड द्वारा दिए गए 75 सुझावों को पूरी तरह या आंशिक रूप से लागू किया है। इनमें 34 ऐसे सुझाव शामिल हैं, जिन्हें पिछले साल की वार्षिक रिपोर्ट के प्रकाशन के बाद से पूरी तरह या आंशिक रूप से लागू किया गया था। नीचे दी गई तालिका मई 2024 में इस रिपोर्ट को अंतिम रूप दिए जाने तक बोर्ड द्वारा दिए गए 266 सुझावों के Meta के कार्यान्वयन का पूर्ण विवरण दिखाती है।


| कार्यान्वयन की स्थिति | कुल | 2022 की वार्षिक रिपोर्ट की तुलना में अंतर |
|---|---|---|
| प्रकाशित जानकारी के माध्यम से प्रदर्शित किया गया क्रियान्वन | 45 | +18 |
| प्रकाशित जानकारी के माध्यम से आंशिक किर्यान्वयन प्रदर्शित किया गया | 30 | +16 |
| रिपोर्ट की गई प्रगति | 81 | -3 |
| Meta ने, कार्यान्वयन या कार्य के रूप में जो Meta पहले से ही करता आ रहा है की जानकारी डी लेकिन कार्यान्वयन को प्रदर्शित करने के लिए जानकारी पब्लिश नहीं की थी | 42 | +13 |
| संभाव्यता मूल्यांकन के बाद सुझाव अस्वीकार कर दिए गए | 15 | +5 |
| अस्वीकृत सुझाव | 32 | अनुपलब्ध[3] |
| लोपित या पुनर्निर्मित सुझाव | 16 | अनुपलब्ध |
| Meta से पहली प्रतिक्रिया का इंतजार है | 5 | +1 |

3 अप्रैल 2024 में, बोर्ड की कार्यान्वयन कमेटी ने श्रेणी को “सुझाव लोपित, अस्वीकृत या पुनर्निर्मित” से बदलकर “सुझाव अस्वीकृत” और “सुझाव लोपित या पुनर्निर्मित” में विभाजित किया। वैसे “सुझाव अस्वीकृत” उन सुझावों पर लागू होता है जिन्हें Meta ने समझा और माना, “सुझाव लोपित या पुनर्निर्मित” उन अवसरों को रेखांकित करता है, जहां कंपनी ने बोर्ड के सुझाव को ठीक से नहीं समझा है।




# बोर्ड के समक्ष दायर की गई अपील

**2023** में बोर्ड ने दुनिया भर से 3,98,597 अपीलें प्राप्त की, जिनमें **Meta** द्वारा संदर्भ दिए गए 39 केस शामिल थे। जबकि हम केवल कुछ ही केसेज़ रिव्यू कर सकते हैं, हम ऐसे केसेज़ का चयन करना जारी रखते हैं जो दुनिया भर में बड़ी संख्या में लोगों के सामने आने वाली अंतर्निहित समस्याओं को अक्सर उठाते हैं और उनका समाधान करने के लिए हम सुझाव देते हैं। **2023** में सबमिट की गई अपीलों में से तीन-चौथाई से अधिक **(78%) Facebook** पोस्ट को लेकर थीं, जबकि एक चौथाई से भी कम **(22%) Instagram** की पोस्ट के बारे में थीं।



## यूज़र-चयनित क्षेत्र द्वारा 2023 में बोर्ड को सबमिट किए गए केसेज़ की हिस्सेदारी




मैप: ओवरसाइट बोर्ड। सोर्स: जैसा कि ओवरसाइट बोर्ड केस मैनेजमेंट टूल में देखा गया है।

2023 में, बोर्ड को सबमिट किए गए 38% केसेज़ अमेरिका और कनाडा से आए - 2022 की तुलना में इस क्षेत्र के केसेज़ की हिस्सेदारी में नौ प्रतिशत की गिरावट आई। सबमिट किए गए केसेज़ में से 26% यूरोप से थे - जो कि 2022 की तुलना में 4% की वृद्धि है। एशिया-प्रशांत और ओशिनिया का प्रतिनिधित्व 12% केसेज़ का रहा (2022 से 13% की गिरावट), जबकि लैटिन अमेरिका और कैरिबियन क्षेत्रों से 12% केसेज़ आए (2022 के समान हिस्सेदारी)। मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका में 5% केसेज़ सामने आए (वर्ष 2022 की तुलना में तीन प्रतिशत अधिक), जबकि मध्य और दक्षिण एशिया में भी केसेज़ सामने आए (वर्ष 2022 की तुलना में दो प्रतिशत अधिक)। बोर्ड की अपीलों में से 2%, उप-सहारा अफ्रीका क्षेत्र से आईं (जो कि प्रतिशत में वर्ष 2022 के समान है)। हालांकि वैश्विक बहुमत से आने वाली अपीलों का हिस्सा अभी भी सीमित है, फिर भी मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका और मध्य एवं दक्षिण एशिया में इनमें मामूली वृद्धि देखना उत्साहजनक है। 2024 में, हमारा लक्ष्य है वैश्विक बहुमत के बीच अपने कार्य को लेकर जागरूकता बढ़ाना - जिसमें Facebook और Instagram पर विशिष्ट देशों के यूज़र्स के लिए विज्ञापन और एशिया, अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका में क्षेत्रीय कार्यक्रम शामिल होंगे।

# बोर्ड के फ़ैसलों में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार मानकों पर किस प्रकार विचार किया गया है

Meta अपनी नीतियों में सुधार कैसे कर सकता है, इस पर सुझाव



**एक बोर्ड के तौर पर हमारा दृढ़ विश्वास है कि यदि Meta कंटेंट मॉडरेशन फ़ैसलों को अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार मानक पर रखता है, जिसके लिए उसने खुद को प्रतिबद्ध किया है तो वह इसे एक निष्पक्ष, अधिक सैद्धांतिक तरीके से देख पाएगा।**

**हम सभी लोगों के मानवाधिकारों के लिए मेटा द्वारा दिए सम्मान को आगे बढ़ाने के लिए केसेज़ का चयन करते हैं, फ़ैसला जारी करते हैं और सुझाव प्रदान करते हैं। अपने फ़ैसलों में हम मानवाधिकारों के निहितार्थों और केस से संबंधित चिंताओं का विस्तृत विश्लेषण प्रदान करते हैं। नीचे, हम उदाहरण देकर बता रहे हैं कि हमने 2023 में प्रकाशित फ़ैसलों में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार मानकों का किस तरह उपयोग किया।**

### लैंगिक पहचान और नग्नता

इन केसेज़ में, हमने Meta की उन दो पोस्ट को हटाने के फ़ैसले को बदल दिया, जिनमें एक ट्रांसजेंडर और नॉन-बाइनरी जोड़े को नंगा सीना लेकिन निप्पल को ढके हुए दिखाया गया था। हालांकि नागरिक और राजनीतिक अधिकारों का अंतरराष्ट्रीय करार, “लिंग" या "अन्य स्टेटस" के आधार पर बिना किसी भेदभाव के सभी लोगों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार की गारंटी देता है, जबकि हमने पाया कि वयस्क नग्नता पर Meta की पॉलिसीज़ के परिणामस्वरूप महिलाओं, ट्रांस और नॉन-बाइनरी लोगों के लिए अभिव्यक्ति को लेकर अधिक बाधाएं उत्पन्न होती हैं।

इसकी प्रतिक्रिया में, हमने Meta से आग्रह किया कि वह अपने वयस्क नग्नता और यौन गतिविधि संबंधी कम्युनिटी स्टैंडर्ड को नियंत्रित करने के लिए स्पष्ट, वस्तुनिष्ठ, अधिकारों का सम्मान करने वाले मानदंडों को परिभाषित करे, ताकि सभी लोगों के साथ लैंगिक या लिंग के आधार पर बिना भेदभाव के अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार मानकों के अनुरूप व्यवहार हो सके।

### कंबोडिया के प्रधानमंत्री

इस केस में, हमने Meta के उस फ़ैसले को बदल दिया जिसमें Facebook पर एक वीडियो को बनाए रखने का फ़ैसला लिया गया था जिसमें कंबोडिया के तत्कालीन प्रधानमंत्री हुन सेन अपने राजनीतिक विरोधियों को हिंसा की धमकी दे रहे थे। हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि इस कंटेंट को बनाए रखना Meta के मानवाधिकार जिम्मेदारियों की प्रतिकूल था। यह कंबोडिया के मतदान और सार्वजनिक मामलों में भागीदारी के अधिकार, शांतिपूर्ण सभा, शारीरिक सुरक्षा और जीवन के लिए गंभीर खतरा था।

छह-खंडों वाली रबात कार्य योजना का उपयोग करके, प्रासंगिक कारकों का आकलन करने के बाद, हमने पाया कि कंटेंट को हटाना अभिव्यक्ति पर लागू की गई एक आवश्यक और सापेक्ष सीमा थी।

### आर्मेनियाई युद्धबंदी

इस केस में, हमने Meta के उस फ़ैसले को बरकरार रखा, जिसमें उसने Facebook पोस्ट को चेतावनी स्क्रीन के साथ बनाए रखा था, जिसमें पहचान योग्य युद्धबंदियों को दिखाने वाला एक वीडियो शामिल था। हमारे फ़ैसले में सोशल मीडिया कंपनियों द्वारा गंभीर मानव अधिकार उल्लंघन या अत्याचार अपराधों को दर्शाने वाले कंटेंट को संरक्षित करने के महत्व पर बल दिया गया, जैसा कि अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के रोम संविधि के तहत निर्दिष्ट है। हमारे विचार से इस कंटेंट ने पब्लिक को सूचित किया तथा कैदियों के अधिकारों की रक्षा के लिए हिरासत प्राधिकरण पर दबाव बनाने में योगदान दिया। पोस्ट पर चेतावनी स्क्रीन लगाने का फ़ैसला आवश्यक और सापेक्ष था, जो कैदियों और उनके परिवारों के अधिकारों के प्रति सम्मान को दर्शाता है।

अपने फ़ैसलों में हमने अत्याचारों और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानून के गंभीर उल्लंघनों के संभावित साक्ष्य को संरक्षित करने के लिए Meta से एक नए, सुसंगत दृष्टिकोण की स्थापना का अनुरोध किया। कंपनी फिलहाल इस सुझाव को लागू कर रही है।

---

## मानवाधिकार आधारित दृष्टिकोण का मूल्य

एक बोर्ड के तौर पर, अब हमारे पास दुनिया भर के अरबों लोगों के कंटेंट को नियंत्रित करने वाली एक निजी कंपनी द्वारा अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार मानकों को लागू करने का तीन वर्ष से अधिक का व्यावहारिक अनुभव है। इन मानकों के कई फायदे हैं। वे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और मानवीय गरिमा को हमारे विश्लेषण के केंद्र में रखते हैं, एक अंतर-सांस्कृतिक संदर्भ बिंदु प्रदान करते हैं और पारदर्शिता को बढ़ावा देते हैं, जिससे हमारा कार्य मानवाधिकार हितधारकों के पारिस्थितिकी तंत्र का हिस्सा बनता है।

हालांकि चुनौतियां भी हैं। उदाहरण के लिए ऑनलाइन पाए जाने वाले नुकसान के प्रकार वास्तविक दुनिया से भिन्न भी हैं। अपने फ़ैसलों में हमने इस बात पर चिंता व्यक्त की है कि किस प्रकार ऑनलाइन कंटेंट की मात्रा और गति संचयी नुकसान पैदा कर सकती है, जो कि ऑफलाइन मौजूद नहीं होगा। बोर्ड के रूप में हमारा अनुभव यह दर्शाता है कि अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार मानकों पर आधारित दृष्टिकोण उपयोगी हो सकता है। आगे बढ़ते हुए हम उपरोक्त चुनौतियों के मद्देनज़र अपने दृष्टिकोण को अनुकूलित करना जारी रखेंगे। यह कठिन तो होगा, लेकिन अत्यंत मूल्यवान होगा और इस मार्ग पर आगे बढ़ते हुए हम शिक्षाविदों और नागरिक समाज से प्राप्त फीडबैक पर निर्भर रहेंगे।

# आगे क्या – 2024 और आगे

## नियामक परिदृश्य और बोर्ड का महत्व



**नए तकनीकी नियमन से लेकर चुनाव और संघर्ष तक, जो दुनिया का भविष्य निर्धारित करेंगे, 2024 में पहले से ही कुछ बड़े बदलाव देखने को मिल रहे हैं। एक बोर्ड के तौर पर, हम अपने कार्य को जारी चर्चाओं के लिए प्रासंगिक बनाने का प्रयास करेंगे, जिसमें निम्नलिखित क्षेत्र शामिल हैं:**

- वैसे तो यूरोपीय संघ का डिजिटल सेवा अधिनियम सबसे व्यापक और संभावित रूप से प्रभावशाली **नियमन** का प्रतिनिधित्व करता है, लेकिन अन्य बाजार जैसे कि अमेरिका, ब्रिटेन, ब्राजील और भारत अलग-अलग विधायी दृष्टिकोण अपना रहे हैं। एक बोर्ड के तौर पर, हमने Meta को उसके कंटेंट मॉडरेशन से जुड़े मानवाधिकारों के लिए प्रणालीगत जोख़िमों से निपटने में सहायता की है। इस कारण महत्वपूर्ण अभिव्यक्तियों को अनावश्यक रूप से हटाए जाने से रोका जा सका है, जिसमें ईरान में राजनीतिक भाषण और स्तन कैंसर जागरूकता सामग्री शामिल है। हम मानते हैं कि प्रणालीगत जोख़िम पर हमारा कार्य व्यापक उद्योग के लिए भी उपयोगी हो सकता है। हमारा कार्य अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और अन्य मानवाधिकारों के लिए प्रणालीगत जोख़िमों की पहचान और समाधान में मदद करना, नए नियमन के अनुपालन को सुनिश्चित करना और अंततः ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्मों का उपयोग करने वाले लोगों में विश्वास का निर्माण करना है।

- 2024 पहले ही **राजनीतिक और भू-राजनीतिक अनिश्चितता** का वर्ष साबित हो रहा है। दुनिया भर में चल रहे संघर्षों के अलावा, इस वर्ष 50 से अधिक राष्ट्रीय स्तर के चुनाव होंगे, जिनमें दुनिया की लगभग आधी आबादी मतदान करेगी। इसकी प्रतिक्रिया में, हम जहां आवश्यक होगा शीघ्रता के आधार पर इन क्षेत्रों के अधिक केसेज़ लेंगे।

- **हम पब्लिक के लिए महत्वपूर्ण विषयों पर ध्यान देना** जारी रखेंगे। हमने पहले ही अपना दायरा Threads तक बढ़ा लिया है और जल्द ही इसके लाखों यूज़र्स के समक्ष आने वाली समस्याओं का समाधान करना शुरू करेंगे। आगे बढ़ते हुए, हम अपने कार्य को नए क्षेत्रों में विस्तारित करना जारी रखेंगे, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि Meta, यूज़र्स के साथ उचित व्यवहार करे। एक क्षेत्र, जिसकी पड़ताल में हमारी दिलचस्पी है, वह है डिमोट किया गया कंटेंट, जहां कोई प्लेटफ़ॉर्म, यूज़र को बिना सूचित किए किसी पोस्ट की दृश्यता को सीमित कर देता है।




दुनिया भर के लोगों और समुदायों से, Meta के व्यवहार के तरीके को बेहतर बनाना

Oversight Board

www.oversightboard.com

© 2024 Oversight Board LLC